इंडियन बैंक Indian Bank
इलाहाबाद ALLAHABAD

Azadi Ka Amrit Mahotsav

प्रेस विज्ञप्ति / PRESS RELEASE 27.02.2023

# वाहन फाइनेंसिंग के लिए इंडियन बैंक की टोयोटा किर्लोसकर मोटर के साथ भागीदारी

**चेन्नै, 27 फरवरी, 2023:** अपने ग्राहकों को आकर्षक वाहन फाइनेंसिंग विकल्प उपलब्ध करवाने के लिए इंडियन बैंक ने प्रीमियम वाहनों की अग्रणी निर्माता टोयोटा किर्लोसकर मोटर (टीकेएम) के साथ टाई-अप किया है।
यह नया टाई-अप 90% ऑन-रोड फाइनेंसिंग, शून्य प्रसंस्करण शुल्क, फोर्क्लोशर, एवं आंशिक भुगतान प्रभार सहित नवोन्मेषी सुविधाएं उपलब्ध कराएगा जोकि ग्राहकों की नित नवीन उम्मीदों की पूर्ति करेंगे। इससे, अब बैंक के ग्राहक, विशेष रूप से ग्रामीण एवं अर्ध-शहरी बाज़ार में, बिना किसी झंझट के अपनी पसंद का टोयोटा वाहन खरीद सकेंगे।

इस अवसर पर श्री इमरान अमीन सिद्दीकी, कार्यपालक निदेशक, इंडियन बैंक ने कहा, 'अपने ग्राहकों के बैंकिंग अनुभव को बढ़ाने की दिशा में यह इंडियन बैंक का एक और कदम है। एक अखिल भारतीय उपस्थिति वाले बैंक के के रूप में, विशेष रूप से ग्रामीण एवं अर्ध-शहरी क्षेत्र में, यह गठबंधन हमारे ऑटो फाईनेंस क्षेत्र को बढ़ावा देगा। ऋण प्रक्रियाओं के डिजिटलीकरण ने खुदरा ऋण के टर्न अराउंड टाइम को प्रभावी रूप से कम किया है। हम ग्राहक केन्द्रित उत्पादों एवं सेवाओं के माध्यम से अपने ग्राहकों को राहत और सुविधा पहुंचाने के लिए तत्पर हैं।"

इस टाई-अप के बारे में विस्तार से बताते हुए श्री अतुल सूद, वाइस प्रेज़ीडेंट, सेल्स व स्ट्रेटेजिक मार्केटिंग, टोयोटा किर्लोसकर मोटर, ने कहा, "हम अपने सभी ग्राहकों को एक शानदार टोयोटा अनुभव प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप इंडियन बैंक के साथ हाथ मिला कर खुश हैं। इस सहयोग का लक्ष्य एक सुखद खरीद अनुभव सुनिश्चित करने के लिए सरल वित्तपोषण विकल्प, निर्बाध प्रक्रिया और समय पर सहायता प्रदान करना है। टीकेएम में, हमारा दृष्टिकोण, हमेशा बाज़ार की जरूरतों की पहचान करने एवं उत्पादों और सेवाओं को उचित रूप से पेश करने का रहा है, जो हमारे ग्राहकों को विशेष स्वामित्व अनुभव प्रदान करता है। हमारा मानना है कि इस टाई-अप के साथ हम उन सभी ग्राहकों तक वित्तीय मूल्यवर्धित सेवाएँ प्रदान करते हुए अपनी पहुंच बढ़ाने में समर्थ होंगे, जो टोयोटा वाहन के मालिक होने के इच्छुक हैं।"

कॉर्पोरेट कार्यालय : 254-260, अव्वै षण्मुगम सालै, रॉयपेट्टा, चेन्नै – 600 014
Corporate Office: 254-260, Avvai Shanmugam Salai, Royapettah, Chennai – 600 014
फोन Phone: 044-2813 4457, ई-मेल Email: ccd@indianbank.co.in
हमें फॉलो करें Follow us on